प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 02.06.2025 समय : 09:00 ए.एम.

......................

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ –आईएटीए की 81वीं वार्षिक आम बैठक में भाग लेंगे।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की–कहा जल संरक्षण बने जन आंदोलन।
- प्रदेश में आज से नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से दोपहर बाद कई शहरों में आंधी बारिश की संभावना।
- जेईई एडवांस्ड 2025 का परिणाम आज जारी किया जाएगा।

......................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ –आईएटीए की 81वीं वार्षिक आम बैठक में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। यह बैठक कल से शुरू हुई और मंगलवार को संपन्न होगी। अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन शिखर सम्मेलन विमानन उद्योग के समक्ष आने वाले प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेगा। इनमें एयरलाइन उद्योग की अर्थव्यवस्था, हवाई संपर्क, ऊर्जा सुरक्षा, सतत विमानन ईंधन उत्पादन, कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम करने के प्रयासों के लिए वित्तपोषण और नवाचार शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के बयान में कहा गया है कि इस कार्यक्रम के दौरान दुनिया भर के नेता विमानन क्षेत्र में भारत की उल्लेखनीय प्रगति और देश के सामाजिक–आर्थिक विकास में योगदान के साक्षी बनेंगे।

......................

सकल वस्तु और सेवा कर–जीएसटी संग्रह इस वित्त वर्ष में लगातार दूसरे महीने 2 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के अनुसार, मई में कुल जीएसटी संग्रह 2 करोड़ एक लाख रुपये रहा, जो पिछले साल मई में एकत्र एक करोड़ 72 लाख रुपये की तुलना में 16 दशमलव 4 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष अप्रैल में जीएसटी संग्रह 12 दशमलव 6 प्रतिशत बढ़कर अब तक के सर्वाधिक 2 करोड़ 37 लाख रुपये पर पहुंच गया था।

......................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में जल संरक्षण बहुत महत्वपूर्ण है। इसी को देखते हुए राज्य में 5 जून से वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की शुरूआत होगी। कल मुख्यमंत्री निवास पर इस संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस बार विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशमी एक ही दिन 5 जून को है। इस शुभ अवसर पर इस अभियान की शुरूआत होगी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को राजस्थान की परम्परा और संस्कृति से जोडते हुए वंदे गंगा कलश यात्रा निकाली जायेगी और जलाशयों पर पूजन कार्यक्रम होंगे।

......................

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि "महेश नवमी महोत्सव केवल एक पर्व नहीं, बल्कि माहेश्वरी समाज की समृद्ध सांस्कृतिक और औद्योगिक विरासत का प्रतीक है। कल भीलवाडा में नगर माहेश्वरी सभा द्वारा आयोजित महेश नवमी महोत्सव 2025 के अवसर पर कवि सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह समाज अपनी संस्कृति, एकता और सामाजिक सेवा के लिए पहचाना जाता है। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा में कॉटन इंडस्ट्री बहुत अच्छी है। राजस्थान के लोग अन्य प्रदेश और देशों में जाकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का गौरव बढा रहे है। इस अवसर पर देश की सेना के शहीद जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।

......................

प्रदेश में आज से नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से दोपहर बाद कई शहरों में आंधी बारिश की संभावना है। ये दौर आगामी 3—4 दिन जारी रहने के आसार है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इस दौरान बीकानेर, जोधपुर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर, कोटा और उदयपुर संभाग में 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलने और तेज मेघ गर्जन तथा हल्की बारिश की संभावना है।

.......................

इस बीच आज भीलवाडा के आसिंद और गुलाबपुरा में मुसलाधार बारिश दर्ज की गई। वहीं पाली के सोजत, रानी, सादडी और फालना में भी झमाझम बरसात हुई। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के अधिकांश शहरों के दिन के तापमान में गिरावट आई है। पांच शहरों को छोडकर बाकी शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। 41 डिग्री के साथ जैसलमेर सबसे गर्म स्थान रहा। कल कोटा, उदयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में कहीं—कहीं हल्की से मध्यम बारिश हुई। शेष स्थानों पर मौसम शुष्क रहा।

.......................

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित आरएएस 2023 के चौथे चरण के साक्षात्कार आज से शुरू हो रहे हैं। यह साक्षात्कार 13 जून तक चलेंगे। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि साक्षात्कार तय कार्यक्रम के अनुसार होंगे। साक्षात्कार में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को अपने ऑनलाइन भरे गए विस्तृत आवेदन—पत्र की दो प्रतियां और सभी प्रमाण—पत्रों की फोटो प्रतियां साथ लानी होंगी। इसके लिए पूरी जानकारी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आरएएस 2023 भर्ती 972 पदों के लिए हो रही है। मुख्य परीक्षा का परिणाम दो जनवरी 2025 को जारी हुआ था। पहले चरण के इंटरव्यू 21 अप्रैल से शुरू हो चुके हैं। इधर, कॉलेज शिक्षा विभाग में फिजिक्स में सहायक आचार्य भर्ती के लिए साक्षात्कार आज से 20 जून तक होंगे।

.......................

जेईई एडवांस्ड 2025 का परिणाम आज जारी किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन इस बार आईआईटी कानपुर की ओर से किया गया है। यह परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। परिणाम के साथ—साथ फाइनल आंसर की भी जारी की जाएगी। इस साल परीक्षा 18 मई को दो पारियों में देश के 222 शहरों के साथ काठमांडू और दुबई में भी हुई थी। इस साल एक लाख 90 हजार विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था।

.......................

बालोतरा के जसोल थाना क्षेत्र के आसोतरा—बिठूजा मार्ग पर कल एक सड़क हादसे में दो लोगों की मृत्यु हो गई। ये हादसा बोलेरो और ट्रैक्टर की आमने—सामने टक्कर से हुआ। हादसे में ट्रैक्टर के पलटने से इसमें सवार दो युवकों की मृत्यु हो गई।

.......................

इंडियन प्रीमियर लीग—आईपीएल क्रिकेट में कल फाइनल मुकाबले में पंजाब का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। ये मैच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जायेगा। इससे पहले कल पंजाब किंग्स ने क्वालीफायर टू मैच में मुंबई इंडियंस को 5 विकेट से हराया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए मैच में मुंबई इंडियंस ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 203 रन बनाए। पंजाब किंग्स ने 19 ओवर में 5 विकेट पर 207 रन बनाकर जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया। श्रेयस अय्यर को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

.......................